रक्षा टीम ने बताए आत्मरक्षा के टिप्स...

कोरबा. पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा पीजी कालेज में छात्र-छात्राओं को अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक टिप्स दिए गए. इसके लिए महिला आरक्षकों व रक्षा टीम द्वारा डेमो का प्रदर्शन किया गया. महिला रक्षा टीम द्वारा छात्राओं को हेल्प लाइन नंबर, वाट्सऐप नंबर की जानकारी दी. इस दौरान रक्षा टीम के प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी दीपिका मिंज एवं उप निरीक्षक दीपका कैवट, रेहाना फातिमा, प्रतिभा राय उपस्थित रही. डेमो के द्वारा छात्राओं को बताया गया कि किसी प्रकार के मुसीबत व छेड़खानी से किस प्रकार अपना बचाव कर सकते हैं.

महिला सशक्तिकरण एवं नारी उत्पीड़न समिति द्वारा आयोजित कार्य
दिनांक 06-02-2018

GOVT. E. V.P.G COLLEGE KORBA
PRINCIPAL,
GOVT. ENGINEER VISHWESARRAIYA
P.G. COLLEGE, KORBA (C.G.)

छात्राओं को सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर

पीजी कॉलेज पहुंची महिला रक्षा टीम

कोरबा (छ.ग.गौरव)। पुलिस महानिरीक्षक दीपांशु काबरा के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक मयंक श्रीवास्तव द्वारा महिला रक्षा टीम का गठन किया गया है। महिला रक्षा टीम द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। इस कड़ी में कल शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को जागरुक किया गया था।

मंगलवार को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला रक्षा टीम पहुंची। जहां महिलाओं पर हो रहे अपराध को लेकर छात्राओं को जागरुक किया गया। महिला रक्षा टीम द्वारा रक्षा टीम प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी दीपिका मिंज एवं उप निरीक्षक दीपा केंवट द्वारा छात्राओं एवं महिलाओं को उनके हित व संरक्षण के लिए बनाए गए कानून की जानकारी दी गई। जागरुकता अभियान में कॉलेज की छात्राओं को विपरित परिस्थितियों का सामना करने आत्मरक्षा तकनीक का प्रशिक्षण एवं डेमा दिया गया। जिसमें वे विपरित परिस्थितियों में अपराधियों से अपनी सुरक्षा कैसे करें ? इसकी जानकारी दी गई। डेमो में उनके पास मौजूद स्कार्फ, सेफ्टी पिन, जूड़ा पिन, की रिंग व पेन के जरिए आत्मरक्षा करने की सिख दी गई। साथ ही छात्राओं को महिला रक्षा टीम के संबंध में विशेष जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए कोरबा पुलिस द्वारा बनाए गए मोबाईल नंबर व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्वीटर, मेल आईडी तथा हेल्प लाईन नंबर की जानकारी दी गई। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं काफी संख्या में मौजूद रहीं।

GOVT. E. V.P.G COLLEGE KORBA
PRINCIPAL,
GOVT. ENGINEER VISHWESARRAIYA
P.G. COLLEGE, KORBA (C.G.)

Scanned By Scanner Go